भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.01.2025

# आरेडिका में प्रगति पत्रिका के दिसम्बर अंक का विमोचन

आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुयी। बैठक में पिछली त्रैमासिक में राजभाषा पर किये गये कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी होने वाले राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों पर चर्चा की गई।

महाप्रबंधक महोदय ने प्रगति पत्रिका के दिसम्बर–2024 अंक का विमोचन किया । इस पत्रिका में समस्त विभागों से प्राप्त लेखों यथा काव्य संग्रह, कहानियां, संस्मरण, रेखाचित्र, आदि को शामिल किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने प्रगति पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित लेखों की सराहना की ।

मुख्य राजभाषा आधिकारी, रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रगति पत्रिका के तीन सर्वश्रेष्ठ रचनाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिससे अन्य लोगों को भी राजभाषा में लेखन को प्रोहत्सान मिलेगा।

बैठक में आरेडिका के पीएफए बीएल मीना, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेवाल, पीसीएससी रमेश चन्द्र, मुख्य राजभाषा आधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

08/01/2025
(आर एन तिवारी)
**मुख्य जनसंपर्क अधिकारी**